# भारतीय नौसेना

**(हर काम देश के नाम)**

**भारतीय नौसेना अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों से अग्निवीर (एसएसआर) - 02/ 2024 बैच के लिए ई-आवेदन पत्र आमंत्रित करती है**

## पात्रता शर्तें

1. अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों (जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं) से **अग्निवीर (एसएसआर) - 02/2024** बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड और व्यापक नियम और शर्तें यहाँ नीचे दी गयी हैं। पुरुष और महिला उम्मीदवारों के पदानुसार वितरण का निर्णय नौकरी में रिक्तियों की आवश्यकता के अनुसार लिया जाएगा।

2. **शैक्षणिक योग्यताएं**. भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूली शिक्षा बोर्ड से गणित और भौतिकी के साथ 10+2 में न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण

**या**

केन्द्रीय, राज्य और केंद्र शाशित प्रदेश मान्यत प्राप्त पालिटैक्नीक संस्थान से इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ आटोमोबाइल/ कम्प्युटर साइन्स/ इन्स्ट्रूमैनटेशन टेक्नोलौजी/ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलौजी) में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स कुल 50% अंको के साथ उत्तीर्ण किया

**या**

केन्द्रीय, राज्य और केंद्र शाशित प्रदेश मान्यत प्राप्त शिक्षा बोर्ड से गैर व्यवसायीक विषय अर्थात भौतिकी और गणित के साथ कुल 50% अंकों के साथ दो साल का व्यवसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया

**ध्यान दे:** जो उम्मीदवार 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए हैं और परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं वह भी आवेदन करने के पात्र हैं बशर्ते वह अन्य सभी आवश्यकताओ को पूरा करते हों। हालांकि ऐसे उम्मीदवारों का चयन केवल तभी किया जाएगा जब वह द्वितीय चरण भर्ती प्रक्रिया के दौरान मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे (अंकपत्र की इंटरनेट कॉपी स्वीकार्य नहीं है)। द्वितीय चरण में पात्र होने के लिए ऐसे उम्मीदवारों को कुल मिलाकर और साथ ही संबंधित विषयों में न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त करने होंगे ।

3. **आयु**. अभ्यार्थी **01 नवम्बर 2003** से **30 अप्रैल 2007** (दोनों तिथियों को मिलाकर) के बीच जन्मा हो।

4. **वैवाहिक स्थिति**. केवल अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवार ही भारतीय नौसेना में अग्निवीरों के रूप में भर्ती के पात्र हैं। उम्मीदवारों को नामांकन के समय 'अविवाहित' होने का प्रमाणपत्र देना होगा। अग्निवीर को भारतीय नौसेना में चार साल के कार्यकाल के दौरान शादी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि अग्निवीर अपने कार्यकाल के दौरान शादी कर लेता है या हस्ताक्षरित घोषणा पत्र देने के बावजूद पहले से ही शादीशुदा पाया जाता है तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## नियम एवं शर्तें

5. **सेवा की अवधि**. अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में 'नौसेना अधिनियम 1957' के तहत चार साल की अवधि के लिए भर्ती किया जाएगा। अग्निवीरओं की रैंक मौजूदा रैंकों से अलग होगी और भारतीय नौसेना में सबसे जूनियर रैंक होगी।भारतीय नौसेना चार साल की नियुक्ति के बाद अग्निवीरों को सेवा में रखने के लिए बाध्य नहीं है।

6. **अवकाश**. अग्निवीरों के लिए प्रतिवर्ष 30 दिन का अवकाश लागू होगा इसके अतिरिक्त सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी की चिकत्सीय सलाह के आधार पर चिकित्सा अवकाश लागू होगा।

7. **वेतन भत्ते एवं संबद्ध लाभ**. अग्निवीरों को एक निश्चित वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ रुपये 30,000/- प्रतिमाह के पैकेज का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा जोखिम, कठिनाई, पोशाक और यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

8. **सेवा निधि**. सेवा की अवधि पूरी होने पर अग्निवीरों को वन टाइम सेवानिधि पैकेज दिया जाएगा, जिसमें उनके मासिक योगदान के साथ साथ सरकार द्वारा समान योगदान शामिल होगा, जैसा की नीचे दर्शाया गया है: -

| साल | अनुकूलित पैकेज (मासिक) | हाथ में (70 %) | अग्निवीर कॉर्पस फ़ंड में योगदान (30%) | सरकार द्वारा कॉर्पस फ़ंड में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| | सभी आंकड़े रुपये में (मासिक अंशदान) | | | |
| पहला वर्ष | 30000 | 21000 | 9000 | 9000 |
| दूसरा वर्ष | 33000 | 23100 | 9900 | 9900 |
| तीसरा वर्ष | 36500 | 25550 | 10950 | 10950 |
| चौथा वर्ष | 40000 | 28000 | 12000 | 12000 |
| कुल अग्निवीर कॉर्पस | | | **5.02 लाख** | **5.02 लाख** |

**नोट. अग्निवीर ग्रेच्युटी और पेंशन संबंधी लाभों का हकदार नहीं होगा।**

9. **जीवन बीमा**. अग्निवीरों को सेवा के दौरान 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा प्रदान किया जाएगा।

10. **मृत्यु मुआवजा**. रुपये 48 लाख के जीवन बीमा के अतिरिक्त अग्निवीर की सेवा करते हुये मृत्यु होने पर 44 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर के वारिश को प्रदान की जाएगी।

11. **विकलांगता मुआवजा**. 100/75/50 प्रतिशत विकलांगता के लिए क्रमशः 44/25/15 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर को प्रदान की जाएगी।

**नोट**. मृत्यु/ विकलांगता मुआवजा के बारे में अधिक जानकारी के लिए भारतीय नौसेना की आधिकारिक वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** देखें।

12. **नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में नामांकन**. चार साल की सेवा अवधि पूर्ण करने पर संगठन की आवश्यकताओं और भारतीय नौसेना द्वारा स्थापित नीतियों के आधार पर अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में स्थायी नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इन आवेदनों पर अग्निवीरों की चार साल की नियुक्ति अवधि के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर आवेदनों पर केन्द्रीक्रत तरीके से विचार किया जाएगा और नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में आगे की पुनः नियुक्ति के लिए प्रत्येक विशिष्ट बैच के अग्निवीरों में से 25% तक को ही नौसनिक (रेगुलर कैडर) के रूप मे नामांकित किया जाएगा। अग्निवीरों को भारतीय नौसेना के रेगुलर कैडर में नामांकन के लिए चुने जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। रेगुलर कैडर में नामांकन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

13. **नौसेना पेंशन विनियम/ ग्रेच्युटी**. अग्निवीर नौसेना पेंशन विनियमों/नियमों (समय समय पर संशोधित) के प्रावधानों में शामिल नहीं होंगे इसके अतिरिक्त अग्निवीर नियुक्ति की अवधि के लिए ग्रेच्युटी के हकदार नहीं होंगे।

14. **स्वताअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति**. अग्निवीरों को सेवा अवधि पूरी होने से पहले स्वताअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ अपवादात्मक मामलों में, इस योजना के तहत नामांकित अग्निवीरों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा स्वीकृत किए जाने पर सेवा से बाहर किया जा सकता है।

15. **भूतपूर्व सैनिक दर्जा**. अग्निवीर भूतपूर्व सैनिक दर्जे के पात्र नहीं होंगे।

16. **चिकित्सा और सी एस डी सुविधाएं**. अग्निवीर, नियुक्ति अवधि के दौरान सर्विस अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ सी एस डी प्रावधानों के भी हकदार होंगे।

## भर्ती प्रक्रिया

17. अग्निवीर (एसएसआर) 02/2024 बैच की चयन प्रक्रिया में दो चरण शामिल होंगे यानि प्रथम चरण - शोर्ट्लिस्टिंग (कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा - आई एन ई टी), द्वितीय चरण - 'पी एफ टी, लिखित परीक्षा तथा भर्ती चिकित्सा परीक्षा'।

## प्रथम चरण (आई एन ई टी - कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा)

18. **शोर्ट्लिस्टिंग**. उम्मीदवारों की शोर्ट्लिस्टिंग के लिए अखिल भारतीय कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा 'आई एन ई टी' आयोजित की जाएगी। शोर्ट्लिस्टिंग कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगी। शोर्ट्लिस्टिंग राज्यवार तरीके से की जाएगी। शोर्ट्लिस्टिंग के लिए **कट-ऑफ अंक एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न हो सकते हैं क्योंकि रिक्तियों को राज्यवार तरीके से आवंटित किया गया है**।

19. **कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा**

(क) प्रश्नपत्र कंप्यूटर आधारित होगा जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।
(ख) प्रश्न-पत्र द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय) का होगा।
(ग) प्रश्न-पत्र में चार खंड होंगे अर्थात अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामान्य जागरूकता।
(घ) प्रश्न-पत्र '10+2' स्तर का होगा और प्रश्न पत्र का प्रारूप वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in/ https://agniveernavy.cdac.in** पर उपलब्ध है।
(ङ) प्रश्न-पत्र की अवधि एक घंटे की होगी।
(च) उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के सभी अनुभाग में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रत्येक अनुभाग में और कुल उत्तीर्ण अंक भारतीय नौसेना द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।
(छ) **गलत उत्तर के लिए दंड**. उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए की उनके द्वारा दिये गए गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक दिये जाएगें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प होंगे। **उम्मीदवार द्वारा गलत उत्तर दिये जाने पर उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का एक चौथाई (0.25)दंड के रूप में काट लिया जाएगा।**
(ज) कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा 'आई एन ई टी' के लिए परीक्षा केंद्र का आवंटन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

20. **परीक्षा शुल्क**. उम्मीदवारों को रुपये 550/- (केवल पाँच सौ पचास रुपये) तथा 18% जी एस टी, परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन आवेदन के दौरान ऑनलाइन मोड जैसे नेट बैंकिंग/ वीजा /मास्टर/रुपे क्रेडिट/ डेबिट कार्ड/ यू पी आई के माध्यम से करना होगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र केवल उन उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जिन्होने परीक्षा शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक किया होगा।

**नोट**:-(क) एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए शुल्क आरक्षित रखा जाएगा।

(ख) एक से अधिक आवेदन पाये जाने पर उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जाएगी और ऐसे मामलों में परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

(ग) यदि आपने परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया है और आपके खाते से बिना बुलावा पत्र जारी हुये पैसे काट लिए गए हैं (यानि असफल भुगतान), तो कृपया अपने खाते में पैसे की स्वचालित वापसी के लिए 7 कार्य दिवस तक प्रतीक्षा कीजिये।

## द्वितीय चरण (शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा)

21. कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा 'आई एन ई टी' द्वारा शोर्ट्लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को भर्ती के दूसरे चरण (पी एफ टी, लिखित परीक्षा और भर्ती चिकत्सा परीक्षा) के लिए बुलावा पत्र जारी किए जायेंगे।दूसरे चरण की भर्ती प्रक्रिया भारतीय नौसेना के चिन्हित भर्ती केन्द्रों में ही होगी। दूसरे चरण की लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम भारतीय नौसेना की आधिकारिक वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in/ https://agniveernavy.cdac.in पर उपलब्ध है। दूसरे चरण की भर्ती प्रक्रिया मे आधार कार्ड अनिवार्य है।**

22. **शारीरिक मापदंड**. चयन के लिए शारीरिक दक्षता जांच (पी एफ टी) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शारीरिक दक्षता जांच में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवार अपने जोखिम पर पी एफ टी में सम्मिलित होंगे। शारीरिक दक्षता मानक इस प्रकार हैं :-

| लिंग | 1.6 किमी दौड़ | उठक बैठक | पुश अप | शिट-अप (घुटने मोड़कर) |
|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 6 मिनट 30 सेकेंड | 20 | 15 | 15 |
| माहिला | 8 मिनट | 15 | 10 | 10 |

**सलाह**:- खेल, तैराकी और पाठ्येतर गतिविधियों में प्रावीणता वांछनीय है।

23. **भर्ती चिकित्सा परीक्षा**. शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का भर्ती चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा। भर्ती चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चयन सूची के लिए योग्य माना जाएगा। **भर्ती चिकित्सा परीक्षा में अयोग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाएगी की वो चाहें तो अधिकतम 05 दिनों के भीतर भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित सैन्य अस्पताल में इसके निष्कर्षों के खिलाफ अपील कर सकते हैं। नामित सैन्य अस्पतालों (भारतीय नौसेना द्वारा आंवटित) के अलावा अन्य अस्पतालों द्वारा जारी चिकित्सा दक्षता प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञ द्वारा अयोग्य घोषित करने पर आगे कोई समीक्षा / अपील की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

24. **चयन सूची**. चयन सूची दूसरे चरण की लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, बशर्ते उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। अग्निवीर (एस एस आर) – पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए चयन सूची राज्यवार तरीके से बनाई जाएगी। **अग्निवीर (एस एस आर) भर्ती के लिये चिल्का में होने वाले भर्ती चिकित्सा परीक्षा के लिये कट ऑफ अंक विभिन्न राज्यों के लिए अलग अलग हो सकते हैं।** परिणाम वैबसाइट **https://agniveernavy.cdac.in** में उम्मीदवार के डेशबोर्ड पर जारी किए जाएंगे।

25. **अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा**. सभी चयनित उम्मीदवारों की अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा भा.नौ.पो. चिल्का में आयोजित की जाएगी, बशर्ते भर्ती के लिए उम्मीदवार को अंतिम चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अंतिम भर्ती चिकित्सा में उत्तीर्ण ना होने वाले उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

26. **चिकित्सा मानक**.

(क) वर्तमान भर्ती प्रक्रिया के लिए निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार अधिकृत सैन्य डाक्टरों द्वारा चिकित्सा परीक्षा आयोजित की जाएगी।

(ख) **लिंग**. यदि किसी भी उम्मीदवार में शारीरिक जांच के दौरान विपरीत लिंग के लक्षण पाये जाते हैं, तो उसे अयोग्य घोषित करके उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे किसी भी उम्मीदवार, जिसने लिंग-पुनर्मूल्यांकन सर्जरी कराई हो, को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

(ग) **गर्भावस्था**. यदि कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पायी जाती है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। किसी भी उम्मीदवार को रिपोर्टिंग के समय या चार साल के कार्यकाल के समापन तक गर्भ धारण नहीं करना चाहिए। यदि उम्मीदवार चार साल के कार्यकाल के दौरान गर्भवती पायी जाती है तो बर्खास्तगी/ निस्कासन के लिए उपयुक्त कारवाई की जाएगी

(घ) **न्यूनतम लम्बाई मानक**. न्यूनतम लम्बाई पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 157 से.मी. होनी चाहिए ।

(ङ) **टैटू**. स्थायी टैटू केवल कोहनी से नीचे अंदर की तरफ होने चाहिए जैसे कोहनी से मुट्ठी तक अंदर की तरफ और हथेली के पीछे। शरीर के किसी अन्य भाग पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है और आवेदक को भर्ती में शामिल नही किया जाएगा।

(च) उम्मीदवार अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में होना चाहिए और ऐसी किसी बीमारी/ अपंगता से मुक्त होना चाहिए जिससे, शांति और युद्ध दोनों समय में तट पर तथा समुद्र मे कर्तव्य के सफल निष्पादन पर हस्तक्षेप करती हो।

**नोट**:-(क) **अभ्यार्थी को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले अपने कानों की वैक्स और दाँतो से टार्टर साफ करके आयें।**

(ख) विभिन्न क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए **लम्बाई में छूट** संबंधित नियम वैबसाइट www.joinindiannavy.gov.in पर उपलब्ध हैं।

27. **दृष्टि मानक**.

| असंशोधित दृष्टि | सही दृष्टि | रंग धारणा |
|---|---|---|
| 6/12, 6/12 | 6/6, 6/6 | II |

## **प्रशिक्षण**

28. **प्रशिक्षण**. पाठ्यक्रम के लिये प्रशिक्षण अस्थाई रुप से नवम्बर 2024 से भा.नौ.पो. चिल्का, उड़ीशा में प्रारम्भ होगा।

29. **अनुपयुक्त होने पर निकाला जाना**. अग्निवीरों को प्रशिक्षण और सेवा के दौरान किसी भी समय असंतोषजनक प्रदर्शन/ कार्य करने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

## **सामान्य**

30. आवेदन केवल वैबसाइट **https://agniveernavy.cdac.in** पर ऑनलाइन भरे जाएंगे और सभी आवश्यक दस्तावेजों (मूल रूप में) को स्कैन करके अपलोड करना होगा। चयन प्रक्रिया इस प्रकार होगी:-

(क) उम्मीदवारों को अपनी सुविधा के अनुसार भारतीय नौसेना प्रवेश परीक्षा (आइएनईटी) के लिए किन्हीं तीन स्थानों का चयन करना होगा। उम्मीदवारों को प्रशासनिक कारणों से कोई अन्य परीक्षा स्थल आवंटित किया जा सकता है। उम्मीदवार द्वारा चुने जाने या भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित किए जाने के बाद परीक्षा केंद्र के चयन को बदला नहीं जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए बुलावा पत्र (जिनमे तिथि, समय और परीक्षा स्थल दिया होगा) को ऑनलाइन परीक्षा से एक सप्ताह पहले आधिकारिक वैबसाइट **https://agniveernavy.cdac.in** से डाउनलोड करने होंगे। ऑनलाइन परीक्षा जून/ जुलाई 2024 में आयोजित की जाएगी, उम्मीदवारों को जारी किए गए बुलावा पत्रों में निश्चित तारीख बताई जाएगी ।

(ख) लिखित परीक्षा/ शारीरिक दक्षता जांच (पीएफटी) के लिए कॉल अप पत्र सह प्रवेश पत्र आधिकारिक वैबसाइट **https://agniveernavy.cdac.in** से डाउनलोड करने होंगे। कोई कॉल अप पत्र सह प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।

(ग) उम्मीदवारों से संपर्क करते समय संचार के केवल एलेक्ट्रोनिक माध्यम का उपयोग किया जाएगा और भर्ती के किसी भी चरण में डाक द्वारा कोई दस्तावेज़ नहीं भेजा जाएगा।

(घ) आवेदन भरते समय उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गये सत्यापित दस्तावेज़ (मूल प्रमाण-पत्र, अंक पत्र, निवास प्रमाण- पत्र, एन सी सी प्रमाणपत्र (अगर है तो)) की मूल प्रतियाँ परीक्षा के हर चरण मे साथ लाने की जरूरत होगी | भर्ती के हर चरण में जैसे कि विभिन्न केन्द्रो पर लिखित परीक्षा/ पीएफटी और भर्ती चिकित्सा परीक्षा और भा.नौ.पो. चिल्का में भर्ती के समय सभी दस्तावेजों को सत्यापित किया जायेगा। **<u>यदि ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिये गये विवरण, भर्ती के किसी भी स्तर पर मूल दस्तावेजों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जायेगी</u>**।

**चेतावनी**

(ड़) **अधिवास प्रमाण-पत्र और अन्य विवरण गलत घोषित करने वाले ऊमीद्वारों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी ऊमीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

(च) कम्प्युटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम संभवता 30 दिन के बाद घोषित कर दिये जाएंगे। शोर्टलिसट किए गए उम्मीदवारों को दूसरे चरण (पी एफ टी, लिखित परीक्षा और भर्ती चिकित्सा जांच) के लिए बुलावा पत्र जारी किया जाएगा।

(छ) पीएफटी/ लिखित परीक्षा/ भर्ती चिकित्सा के लिए केन्द्रों का आवंटन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

(ज) अगर उम्मीदवार भर्ती के लिये बुलावा पत्र में दिये गये तिथि और समय पर रिपोर्ट नहीं कर पाया तो उम्मीदवार का वर्तमान चयन निरस्त कर दिया जायेगा और उम्मीदवार भारतीय नौसेना में चयन के लिए दावा नहीं कर सकता है। अगर उम्मीदवार बुलावा पत्र में दिये गए समय के 30 मिनट के अंदर नहीं पहुँच पाये तो उम्मीदवार को भर्ती परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

(झ) चयनित उम्मीदवार की उम्मीदवारी केवल वर्तमान बैच के लिये वैध है। सफल उम्मीदवार जिनका नाम योग्यता क्रमसूची (मेरिट लिस्ट) में नहीं होगा वे अगले बैच में भर्ती का दावा नहीं कर सकते।

(अं) सभी चयनित उम्मीदवारों (जिनका नाम मेरिट लिस्ट में है) को भर्ती के समय भा.नौ.पो. चिल्का में सभी दस्तावेजों के साथ साथ दस्तावेजों कि स्व-प्रमाणित प्रतियाँ (जो दस्तावेज़ ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपलोड किए गए थे) सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना होगा। यदि ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिये गये विवरण, भा.नौ.पो. चिल्का में प्रस्तुत किए गए मूल दस्तावेजों से मेल नहीं खाते हैं तो उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जायेगी।

(ट) सभी चयनित अभ्यार्थियों को भर्ती के लिए बुलावा पत्र के साथ पुलिस सत्यापन प्रारूप और अन्य संबन्धित फॉर्म भी डाऊनलोड करने होंगे। अभ्यार्थियों को पुलिस सत्यापन प्रारूप/ऑनलाइन पुलिस सत्यापन प्रारूप संबन्धित पुलिस अधीक्षक द्वारा सत्यापित कराकर अन्य सभी फॉर्म के साथ भा॰नौ॰पो॰ चिल्का में जमा करना होगा। उम्मीदवारों के पास अधिवास या निवास स्थान से पुलिस सत्यापन प्रारूप होना चाहिए। **जिन उम्मीदवारों के पास पुलिस द्वारा सत्यापित पुलिस सत्यापन प्रारूप नहीं होगा या पुलिस सत्यापन प्रारूप पर प्रतिकूल टिप्पणी अंकित होगी उन उम्मीदवारों को भर्ती हेतु योग्य नहीं समझा जायेगा।** पुलिस सत्यापन प्रारूप इंटरनेट से भारतीय नौसेना कि आधिकारिक वैबसाइट **https://agniveernavy.cdac.in** से डाऊनलोड किया जा सकता है।

(थ) **भर्ती/प्रवेश के संबंध में कोई भी पूछताछ 6 महीने के बाद स्वीकार नहीं की जाएगी।**

## **आवेदन कैसे करे**

31. आवेदक भर्ती के लिए वैबसाइट **https://agniveernavy.cdac.in** पर 13 मई से 27 मई 2024 तक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन प्रक्रिया वैबसाइट **https://agniveernavy.cdac.in** पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण भरें। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरा गया विवरण अगर भर्ती के किसी भी चरण में गलत पाया जाता है तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन-पत्र की छानबीन की जाएगी और इसे किसी भी समय अनुपयुक्त पाये जाने पर बिना कारण बताये रद्द किया जा सकता है। आवेदन पत्र कॉमन सर्विस सेंटर (सी.एस.सी) से पूरे देश में 60 रुपये + जी.एस.टी के निर्धारित मूल्य पर भर सकते हैं । यह सुविधा पूर्ण रूप से वैकल्पिक हैं।

32. **फोटोग्राफ**.

(क) पासपोर्ट आकार का हालिया रंगीन फोटोग्राफ (**अप्रैल 24** से पहले नहीं लिया गया हो) 10 केबी से 50 केबी साइज़ तक तथा बिना सर ढके (सिखों के अतिरिक्त) हल्की प्रष्ट भूमि में सामने का चित्र होना चाहिए। उम्मीदवार को अपने सीने के सामने एक काली स्लेट पकड़े हुए जिसपर उम्मीदवार का पूरा नाम औए फोटो लेने की तारीख स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में सफ़ेद चाक से लिखी होनी चाहिए। अपलोड की गयी फ़ोटोग्राफ की तुलना में उम्मीदवार की उपस्थिति में परिवर्तन जैसे कि बढ़ती हुई दाढ़ी, सर पर टोपी आदि होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(ख) आवेदन पत्र भरने के दौरान वेबकैम के माध्यम से लाइव फोटो खींची जाएगी। ऊमीद्वारों को सलाह दी जाती है की वे आवेदन पत्र भरते समय अच्छी गुणवत्ता वाले फ़ोटो खींचे। जो फ़ोटो स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देंगे जैसे कि धुंधले, काली छाया इत्यादि दिखाई देगी तो ऊमीद्वार की ऊमीद्वारी रद्द कर दी जाएगी।

33. **आवश्यक सूचना**.

(क) परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी अन्य संचार उपकरणो की अनुमति नहीं है। इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन से अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसमें भविष्य की परीक्षा से प्रतिबंध शामिल होगा।

(ख) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि का इंतज़ार किए बिना समय पर आवेदन करने की सलाह दी जाती है।

(ग) किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा परिसर में आज्ञा की अवहेलना और गलत व्यवहार नहीं करना है ।

(घ) ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र का चयन का निर्णय सावधानी पूर्वक करना चाहिए।

(ङ) उम्मीदवारों को कई आवेदन करने से बचना होगा, यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

(च) भर्ती के प्रत्येक स्तर में प्रवेश के लिए या उम्मीदवार की योग्यता के लिए भारतीय नौसेना का निर्णय अंतिम होगा।

(छ) **अधिवास प्रमाण-पत्र संबन्धित गलत सूचना देने पर, भर्ती के किसी भी चरण में, प्रशिक्षण और उसके बाद भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

(ज) **आवेदन प्रक्रिया के दौरान जमा किए गए विवरणों मे सुधार के लिए उम्मीदवारों को आवेदन विंडो बंद होने के बाद 03 दिनों की विंडो प्रदान की जाएगी। इसके बाद किसी भी सुधार/ संसोधन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(झ) आवेदन प्रक्रिया के दौरान एन सी सी प्रमाण पत्रों और तस्वीरों सहित दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। नकली दस्तावेज या गलत विवरण घोषित करने वाले उम्मीदवार अयोग्यता के लिए उत्तरदायी होंगे।

## **<u>ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि – 27 मई 2024</u>**

### **<u>चेतावनी</u>**

### **<u>दलालों/ धोखेबाजों/ असामाजिक तत्वों से सावधान</u>**

नौसेना भर्ती संगठन के अधिकारियों के साथ संबंध होने का दावा करने वाला कोई भी व्यक्ति, अभ्यार्थी को भर्ती करवाने का वादा कर सकता है और इसी बहाने वो पैसा भी वसूल सकता है। **<u>हम यह दावे के साथ कहना चाहेंगे कि ऐसा कुछ भी संभव नहीं है। दलालों के किसी भी तरह से उत्पीड़न करने पर एफआईआर दायर करें और पुलिस से संपर्क करें</u>**। सभी आवेदको को एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) द्वारा कॉल-अप-लैटर और प्रवेश-पत्र जारी किये जाते है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा, शारीरिक स्वस्थता जांच और डॉक्टरी जांच एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) द्वारा नामित की गई विभिन्न स्वतंत्र टीमों द्वारा की जाती है। किसी दलाल के झांसें में आने से पहले अच्छी तरह सोंचे। यदि आप सोचते है कि गैर-कानूनी ढंग से काम करायें जा सकते है तो आपको कुछ भी हासिल नहीं होगा। आपको सलाह दी जाती है कि आप देश के कानून का पालन करने वाले नागरिक की तरह आचरण करें और अनुचित साधनों का प्रयोग करने से बचे। **नौसेना में भर्ती पूर्णत: न्यायपूर्ण है।**

### **<u>अस्वीकरण</u>**

विज्ञापन में दिये गये नियम और शर्ते केवल दिशा-निर्देश है और बिना किसी सूचना के परिवर्तन के अधीन हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी संसोधित आदेश जो समय-समय पर बदलते रहते है, चयनित उम्मीदवार पर लागू होंगे।